75TH ANNIVERSARY OF ESTABLISHMENT OF DIPLOMATIC TIES BETWEEN INDIA-EGYPT

India and Egypt are celebrating the 75th Anniversary of the establishment of diplomatic relations this year. The joint announcement of establishment of diplomatic relations at ambassadorial level was made by the two countries on 18 August 1947. President of Egypt H.E. Mr Abdel Fattah El Sisi is the Chief Guest on India's Republic Day-2023. India has also invited Egypt as 'Guest Country' during its G-20 Presidency this year.

India and Egypt, two of the world's oldest civilizations, have enjoyed a history of close people to people contact from ancient times. The links between India and Egypt have stood the test of time and have been further strengthened by mutual warmth, friendship and goodwill of the two sides.

India and Egypt also share similarities in cultural roots, including food habits, music, dance forms, cinema and other rich traditions emanating from our ancient civilizations. Today, Indian movies, TV serials as well as Indian music especially Hindi songs hold a special place in the hearts of people of Egypt. Yoga is gaining popularity among people of Egypt day by day. India's a month long cultural festival 'India by the Nile', which showcase various cultural aspects of India is popular in Egypt. Similarly, Egyptian side has also organised 'Egypt by the Ganga' demonstrating Egyptian culture in India.


India's partnership with Egypt has evolved well over the years. The continuous political engagement at the highest level has further strengthened the bilateral ties. Both sides helped each other even during the difficult time of the COVID pandemic. Bilateral defense cooperation has received a significant boost in the recent times. Bilateral trade between India and Egypt reached at a record high of US$ 7.26 billion in FY 2021-22.

The Ganga and the Nile are symbols of faith, culture and traditions that have defined the great civilizations of India and Egypt respectively. In India, the Ganga has a profound religious, cultural, commercial, and industrial significance. For an Indian, nothing can match the ever-lasting divinity of the holy Ganga. River Ganga provides water to a large portion of India's population and is considered as a lifeline of the country. Similarly in Egypt, over the course of millennia, the ancient Egyptians have developed a distinctive culture shaped in their geography, natural resources and relationship with the Nile. Every aspect of life in Egypt revolved around the Nile. The commemorative postage stamp aptly captures the significance of the Ganga and the Nile to depict the strong bonds between two nations.

Department of Posts is pleased to issue Commemorative Postage Stamp on 75th Anniversary of the establishment of diplomatic relations between India and Egypt and celebrates the warmth, goodwill and friendship between the two nations.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure	:	Shri Suresh Kumar
Cancellation Cachet	:	Ms Nenu Gupta
Text	:	Referenced from contents provided by Ministry of External Affairs.



भारत और मिस्र के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ

भारत और मिस्र इस वर्ष पारस्परिक राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। दोनों देशों द्वारा राजदूत स्तर पर राजनयिक संबंध स्थापित होने संबंधी संयुक्त घोषणा 18 अगस्त 1947 को की गई। मिस्र के राष्ट्रपति महामहिम श्री अब्देल फतह अल सीसी भारत के गणतंत्र दिवस, 2023 के अवसर पर मुख्य अतिथि हैं। भारत ने इस वर्ष अपनी जी–20 अध्यक्षता के दौरान मिस्र को 'अतिथि देश' के रूप में भी आमंत्रित किया है।

भारत और मिस्र, विश्व की दो सबसे पुरानी सभ्यताओं में से हैं। प्राचीन काल से ही यहां के लोग एक–दूसरे के संपर्क में रहे हैं। भारत और मिस्र के पारस्परिक संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरते हुए दोनों पक्षों की आपसी गर्मजोशी मैत्री और सद्भावना से और सुदृढ़ हुए हैं।

प्राचीन सभ्यताएं होने के फलस्वरूप, भारत और मिस्र की परंपरा अत्यंत समृद्ध है और यहां की संस्कृति, खान–पान, संगीत, नृत्य शैली, सिनेमा आदि में भी अनेक समानताएं हैं। भारतीय फिल्में, टीवी सीरियल और भारतीय संगीत खासकर हिंदी गाने मिस्र के लोगों के दिलों में खास जगह रखते हैं। साथ ही, योग भी मिस्र के लोगों के बीच दिन–ब–दिन लोकप्रिय होता जा रहा है। भारत का एक माह भर चलने वाला सांस्कृतिक उत्सव 'इंडिया बाय द नाइल', मिस्र में अत्यंत लोकप्रिय है। यह भारत के विभिन्न सांस्कृतिक पहलुओं को दर्शाता है। इसी तर्ज पर, मिस्र द्वारा भी अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम 'इजिप्ट बाय द गंगा' का भारत में आयोजन किया गया है।

समय के साथ भारत और मिस्र के संबंध उत्तरोत्तर विकसित हुए हैं। शीर्षस्थ स्तर पर निरंतर राजनीतिक मेलजोल ने द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ किया है। कोविड महामारी के कठिन दौर में भी दोनों देशों ने एक–दूसरे की भरसक मदद की। हाल ही में दोनों देशों के द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को भी बल मिला है। वित्त वर्ष 2021–22 में, भारत और मिस्र के बीच द्विपक्षीय व्यापार 7.26 बिलियन अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा।

भारत और मिस्र की महान सभ्यताओं की पहचान गंगा और नील नदियां, आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक हैं। धार्मिक, सांस्कृतिक, वाणिज्यिक और औद्योगिक दृष्टिकोण से भारत में गंगा का विशेष महत्व है। भारत के लोगों के लिए पावन गंगा की शाश्वत दिव्यता अतुलनीय है। गंगा, भारत की जनसंख्या के एक बड़े हिस्से के लिए जल का स्रोत है और देश की जीवनरेखा मानी जाती है। इसी प्रकार, सहस्राब्दियों से, प्राचीन मिस्रवासियों ने अपनी भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक संसाधनों और नील से अपने विशेष संबंधों के आधार पर एक अनूठी संस्कृति का विकास किया है। मिस्र में जीवन का प्रत्येक पहलू नील के इर्द–गिर्द घूमता है। यह स्मारक डाक–टिकट, दोनों देशों के मजबूत संबंधों को दर्शाते हुए गंगा और नील के महत्व को दर्शाता है।

डाक विभाग, दोनों देशों के बीच आपसी गर्मजोशी, सद्भाव और मैत्री के महत्व को रेखांकित करते हुए, भारत और मिस्र के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।

आभार :

डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका	:	श्री सुरेश कुमार
विरूपण कैशे	:	श्रीमती नीनू गुप्ता
पाठ	:	विदेश मंत्रालय से प्राप्त सामग्री के आधार पर

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	:	500 पैसे (2)
Denomination	:	500 p (2)
सोविनियर शीट मूल्य	:	3000 पैसे
Souvenir Sheet Price	:	3000 p
मुद्रित सोविनियर शीट	:	1.11 लाख
Souvenir Sheet Printed	:	1.11 Lakh
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00